# न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) अलवर

(3)

| अपील संख्या | प्रवेश तिथि | निर्णय दिनांक |
| --- | --- | --- |
| 12/126/2018 | 28-06-2018 | 09-08-2018 |

01- राजेन्द्र सिंह पुत्र नन्दसिंह जाति ब्राह्मण सिक्ख निवासी रामगढ़, जिला अलवर राज०

अपीलाण्ट

बनाम

01- तहसीलदार, रामगढ जिला अलवर

रेस्पौडेन्ट

अपील विरूद्ध निर्णय नायब तहसीलदार रामगढ दिनांक 08..03.2018 अन्तर्गत धारा 91 भू० राजस्व अधिनियम प्रकरण संख्या 119/2018

उपस्थितः-

01-श्री मनमीत सिंह

-वकील अपीलाण्ट

-:निर्णयः-

अपीलान्ट ने यह अपील नायब तहसीलदार रामगढ के आदेश दिनांक 08.03.2018 जिसके द्वारा अपीलान्ट को ग्राम बिलासपुर की सरकारी बजंड़ अव्वल भूमि के आराजी खसरा नम्बर 686 रकबा 0.14 है०, मे से 0.14 है० पर अवैध कब्जा करने पर की गई सजा व पैनल्टी से व्यथित होकर की गई है।

अपील अपीलान्ट दर्ज रजिस्टर कर रेस्पौ0 को जर्ये सम्मन तलब किया गया। एवं अधीनस्थ अदालत का रिकार्ड तलब किया गया।

विद्वान अभिभाषक अपीलान्ट ने अपील में अंकित तथ्यों को बहस के दौरान दोहराते हुये निवेदन किया के ग्राम बिलासपुर की सरकारी बजंड़ अव्वल भूमि के आराजी खसरा नम्बर 686 रकबा 0.14 है०. मे से 0.14 पर अवैध कब्जा करने की रिपोर्ट दिनांक 21.022018 को पटवारी द्वारा करने पर अपीलांट को अतिक्रमी मानकर बिना सुने तीन माह का सिविल कारावास व लगान से दण्डित किया। अपीलांट के पश्चातवर्ति अतिक्रमी माना है जबकि पूर्व में अपीलाट को कभी बेदखल नहीं किया गया ना किसी प्रकार की पैनल्टी से आरोपित किया गया। अतः अपीलार्थी को सिविल कारावास व पैनल्टी से मुक्त किया जावे।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं बहस पर मनन किया। सर्व प्रथम प्रार्थना पत्र दफा 5 कानून मियाद पर विचार किया गया अपीलान्ट ने आदेश दिनांक 08.03.2018 के विरूद्ध दिनांक 28.06.2018 को पेश किया। प्रार्थना पत्र दफा 5 कानून मियाद में अंकित तथ्यों पर विश्वास कर अपील अन्दर मियाद शुमार की जाती

हमनें अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली का अवलोकन किया। अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र दिनांक 09.08.2018 का भी अवलोकन किया जिसमें अपीलार्थी द्वारा कब्जा छोडना बताया गया है तथा रिपोर्ट पटवारी हल्का गिलवपुर द्वारा भी अपनी मौका रिपोर्ट दिनांक 03.07.2018 में विवादित आराजी पर वर्तमान में अपीलार्थी का अतिक्रमण नहीं होना बताया है अतः अपील अपीलान्ट आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है। अपीलार्थी को सिविल कारावास के दण्ड से मुक्त किया जाता है। तथा दण्ड स्वरूप आरोपित पैनल्टी यथावत रखी जाती है एवं तहसीलदार रामगढ़ को आदेशित किया जाता है कि वह मौका परीक्षण कर एवं यदि अतिक्रमण यथावत पाया जाता है अथवा अपीलान्ट उक्त आराजी पर पुनः अतिक्रमण करता है, तो उसके विरूद्ध एल आर एक्ट के तहत 91(6) के तहत कार्यवाही की जावे।

निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय को उनके रिकार्ड के साथ भिजवाई जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावें। पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफतर की जावें।

निर्णय आज दिनाक 09-03-2018 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

COURT OF THE ADDITIONAL COLLECTOR (I) न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) अलवर (राज०) ALWAR (RAJ.)

(ओ0पी0जैन)
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम)
अलवर (राजस्थान)